# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 17.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम–2023 को किया अधिसूचित; नये बिल पर लोकसभा में आज शाम 4 बजे होगा मतदान।
2. झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार हरिवंश नारायण सिंह दोबारा चुने गए राज्यसभा के उपसभापति; सदन में सर्वसम्मति से हुआ चयन।
3. केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने ओरमांझी फ्लाईओवर में देरी पर जताई नाराजगी; झारखंड के लिए 15 नई सड़क परियोजनाओं को मंजूरी।
4. राज्य सरकार ने गिरिडीह की यामिका के इलाज के लिए स्वीकृत किए 15 करोड़ रुपये; दुर्लभ बीमारी के लिए लगेगा दुनिया का सबसे महंगा इंजेक्शन।
5. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने खेलो इंडिया जनजातीय खेल में पदक जीतने वाले मलखम्ब खिलाड़ियों से की मुलाकात; विजेताओं का बढ़ाया उत्साह।

**********************

केंद्र सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम–2023 को अधिसूचित कर दिया है, जिससे महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलना तय हो गया है। इस बीच, लोकसभा में परिसीमन और आरक्षण से जुड़े तीन नए विधेयकों पर चर्चा जारी है, जिन पर आज शाम 4 बजे मतदान होगा। सरकार के इस कदम को महिला सशक्तीकरण की दिशा में ऐतिहासिक माना जा रहा है।

**********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर संस्कृत सुभाषितम साझा करते हुए नारी शक्ति को सशक्त भारत की पहचान बताया है। श्री मोदी ने कहा कि देश की माताएं, बहनें और बेटियां अपने संकल्प और समर्पण से हर क्षेत्र में राष्ट्र का गौरव बढ़ा रही हैं। उन्होंने महिला शक्ति के योगदान को विकसित भारत के निर्माण का आधार बताया।

**********************

प्रसिद्ध लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर कुमुद ने संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण के निर्णय की सराहना की है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मजबूती के लिए एक ऐतिहासिक और आवश्यक कदम बताया है। डॉ. कुमुद के अनुसार, इस कानून से नीति–निर्धारण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी और समाज में सकारात्मक बदलाव आएगा।

**********************

झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार हरिवंश नारायण सिंह एक बार फिर निर्विरोध राज्यसभा के उपसभापति चुने गए हैं। उनके दोबारा उपसभापति चुने जाने से झारखंड के राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में खुशी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सदन में उनकी निष्पक्षता की सराहना करते हुए कहा कि यह चयन उन पर पूरे सदन के अटूट विश्वास का प्रतीक है।

**********************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। श्री गडकरी ने ओरमांझी फ्लाईओवर निर्माण में देरी पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को फटकार लगाई और कार्य तुरंत शुरू करने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने झारखंड के लिए 15 सड़क परियोजनाओं को स्वीकृति भी प्रदान की।

**********************

राज्य में एसआईआर से पहले प्री एक्टिविटी की जा रही है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने आम लोगों से बीएलओ का सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने जमशेदपुर में बीएलओ के साथ हुई बदसलूकी की घटना पर दु:ख जताया और स्पष्ट किया कि घर–घर जाकर जानकारी जुटाना मतदाताओं के हित में है।

**********************

राज्य सरकार ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए गिरिडीह की मासूम यामिका पटेल की जिंदगी बचाने के लिए 15 करोड़ रुपये की सहायता मंजूर की है। दुर्लभ बीमारी स्पाइनल मस्कुलर अट्रॉफी से जूझ रही यामिका

को लगने वाले दुनिया के सबसे महंगे इंजेक्शन का खर्च अब सरकार उठाएगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जताया है।

**********************

रांची के कांके की रहने वाली संदीपा कुमारी बेदिया ने संसद भवन में नागपुरी भाषा में भाषण देकर झारखंड का मान बढ़ाया है। उन्होंने बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की जीवनी को अपनी मातृभाषा में प्रस्तुत किया।
साउंड बाइट– संदीपा कुमारी बेदिया ऑन डॉ. अंबेडकर – 17 सेकेंड

संसद के मंच पर नागपुरी गूंजने से आज पूरा झारखंड गौरवान्वित महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत अन्य गणमान्य लोगों ने संदीपा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**********************

राजधानी रांची में सुरक्षा व्यवस्था को हाईटेक बनाते हुए यूनिफाइड कमांड सिस्टम तैयार किया जा रहा है। इसके जरिए अब शहर में आगजनी की घटनाओं और अग्निशमन कार्यों की लाइव मॉनिटरिंग हो सकेगी। अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि इस नई तकनीक से फायर ब्रिगेड की रिस्पांस टाइमिंग में सुधार होगा और आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**********************

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आज पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने डॉ. राधाकृष्णन को एक महान दार्शनिक और शिक्षाविद बताते हुए कहा कि उनका जीवन ज्ञान की खोज और युवाओं के मार्गदर्शन को समर्पित था।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पूर्व प्रधानमंत्री चंद्र शेखर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि यह वर्ष उनकी 100वीं जयंती की शुरूआत का प्रतीक है।

**********************

आज सुबह के सत्र में घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक लगभग 0 दशमलव 4 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स 335 अंक बढ़कर 78 हजार 324 पर और निफ्टी 96 अंक बढ़कर 24 हजार 293 पर पहुंच गया।

**********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 42 हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 60 हजार रूपये प्रति किलो है।

**********************

राज्य के उत्तर–पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी जिलों में आज बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया गया है। देवघर, दुमका और साहिबगंज सहित कई इलाकों में गरज के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। वहीं, मौसम विभाग ने 19 और 20 अप्रैल को पलामू और कोल्हान प्रमंडल के जिलों में भीषण लू की चेतावनी जारी की है।

**********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज लोकभवन में प्रथम खेलो इंडिया जनजातीय खेल के पदक विजेता मलखम्ब खिलाड़ियों ने मुलाकात की। अंबिकापुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने बालक और बालिका दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता है। राज्यपाल ने खिलाड़ियों को इस बड़ी उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**************